दिनांकः 26.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज–कांग्रेस सांसद राहुल गांधी होंगे विपक्ष के नेता।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राजस्थान को देश का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट हब बनाने के लिए राज्य सरकार निवेशकों की हर स्तर पर करेगी मदद।
- जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली आपदाओं और महामारी से निपटने के लिए प्रदेश में बनाए जाएंगे हैल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर।
- राज्य में मॉनूसन ने दी दस्तक–जुलाई के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में छाने की उम्मीद।

..................

नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला इस पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार हैं। विपक्षी इंडी गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के.सुरेश को इस पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने कल नामांकन भरा था।
सरकार और विपक्ष में इस पद के लिए सहमति नहीं बन सकी है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से और निर्विरोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के सदन के नेताओं से सहमति बनाने के लिए बातचीत की है। विपक्ष ने कुछ शर्तें रखी हैं और उपाध्यक्ष पद की मांग की है। श्री रिजिजू ने कहा कि सहमति में कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष से अपने फैसले पर फिर विचार करने का आग्रह किया।

..................

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद से बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने को तैयार हैं, बशर्ते उपाध्यक्ष पद विपक्ष को दिया जाए।

..................

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कल शाम नई दिल्ली में मीडिया को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब को पत्र लिखकर सूचित किया है कि राहुल गांधी सदन में विपक्ष के नेता होंगे।
इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक भी हुई।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान को देश का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट हब बनाने के लिए राज्य सरकार निवेशकों की हर स्तर पर मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा निवेशक आएं, ताकि राजस्थान 'इन्वेस्टमेंट हब' के रूप में उभरे। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट–2024 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को समिट के सफल क्रियान्वयन के लिए लगातार निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समिट में होने वाले विभिन्न एमओयू को केवल कागजों पर ही ना रखकर धरातल पर उतारा जाए। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी उद्योगों को एक ही छत के नीचे निवेश संबंधी सुविधाएं देने के लिए सिंगल विंडो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से समिट में प्रवासी राजस्थानियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को भी कहा।

..................

आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हनुमानगढ़ में नशे की प्रवृति पर रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर

काना राम के निर्देशन में नशा मुक्त जिला अभियान की कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें जिले के हर नागरिक, गैर सरकारी संस्था और राजकीय विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने कल नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले की कार्य योजना की समीक्षा बैठक ली। बीकानेर में एक निजी अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नशीले पदार्थों की लत से छुटकारा दिलाने के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा।

..................

प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली आपदाओं और महामारी से निपटने के लिए हैल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर बनाए जाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की राज्य शाखा और जयपुर में मेट्रोपॉलिटियन सर्विलांस यूनिट की स्थापना भी की जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में कल जयपुर में आयोजित ''नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हैल्थ'' पर गठित गवर्निंग बॉडी कमेटी की पहली बैठक में ये निर्णय लिए गए। इससे प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की जांच सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों की सर्विलांस, डेटा एनालिसिस, फीडबैक, जांच और क्षमता संवर्द्धन में मदद मिलेगी।
इस मौके पर श्री खींवसर ने कहा कि आगामी समय में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को देखते हुए विभिन्न विभागों के समन्वय से एक प्रभावी योजना तैयार कर आगे बढ़ना होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों के नए भवनों का निर्माण ईको फ्रेंडली तकनीक से किया जाएगा।

..................

प्रदेश में मॉनूसन के प्रवेश के साथ ही विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर शुरू हो गया है। मानसून ने कल कोटा–उदयपुर के रास्ते प्रवेश किया। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई के पहले सप्ताह तक मानसून पूरे प्रदेश में छाने की उम्मीद है। अगले 3–4 दिनों के दौरान राजस्थान के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितयां बनी हुई हैं। इस बार प्रदेश में औसत से ज्यादा बारिश की संभावना जताई गयी है।
इस बीच, कोटा और उदयपुर संभाग के कई जिलों में पिछले 24 घंटों में अच्छी बारिश हुई। कल वनस्थली, चित्तौड़गढ़, डबोक, धौलपुर, भीलवाडा और बालोतरा में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

..................

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में कल अफगानिस्तान का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेंडियम में खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में कल शाम गयाना में भारत और इग्लैंड आमने–सामने होंगे। विश्व कप का फाइनल शनिवार को बारबेडॉस में खेला जाएगा।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला अंक होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस अंक के लिए 28 जून तक सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

..................